दिनांक 19.07.2024 ''स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई''

विद्युत विभाग के शट डाउन के कारण पानी सप्लाई बाधित रहेगी

भिलाईनगर। विद्युत विभाग द्वारा सूचना दी गई है कि 20 जुलाई को विद्युत मण्डल द्वारा मेनटेनेंस का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण सुबह 11 बजे से साम 4 बजे तक शट डाउन रहेगा। विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। जिसके कारण नगर निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी. एवं 77 एम.एल.डी. में पानी आपूर्ति समय अनुसार नहीं हो पायेगा। जलशोधन यंत्र दिन मे 11 बजे से साम 4 बजे तक बंद रहेगे। इसके कारण फरीद नगर, मदर टेरेसा नगर एवं खुर्सीपार पानी की टंकी से शाम की सप्लाई प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग के मेनटेनेंस का कार्य पूर्ण हो जाने पर जैसे ही विद्युत सप्लाई पूर्वत शुरू हो जायेगा। निगम का फिल्टर प्लांट से जल आपूर्ति समय अनुसार की जावेगी। असुविधा के लिए खेद है।